# राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

## राजस्व विभाग




राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर

# प्रशासनिक प्रतिवेदन

वर्ष 2022–2023

" केवल कार्यालय उपयोग हेतु "

# आमुख

राजस्व प्रशासन में राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संस्थान द्वारा राजस्व प्रशासन से सम्बन्धित अधिकारियों को आधारभूत एवं प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण तथा मानव संसाधन नवीनीकरण योजना के तहत् राजस्थान तहसीलदार सेवा के अधिकारियों को विशिष्ठ काडर प्रशिक्षण दिया जाता है। भूमि के प्रबन्धन, भू.राजस्व संग्रहण, कानून एवं व्यवस्था, न्यायिक कार्य, ग्रामीण विकास एवं सामान्य प्रशासन में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थान के अधीनस्थ सर्वउद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक एवं छः पटवार प्रशिक्षण शालाओं में क्रमशः भू.अभिलेख निरीक्षक तथा पटवारियों को आधारभूत एवं प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान संस्थान में नवचयनित 132 नायब तहसीलदार प्रशिक्षु बैच–30 का प्रशिक्षण दिनांक 27.12.2021 से 22.07.2022 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संस्थान के अधीनस्थ संचालित सर्व उद्देश्यीय राजस्व प्रशिक्षणालय टोंक में सीधी भर्ती से चयनित 5 भू अभिलेख निरीक्षकों को 9 सप्ताह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीधी भर्ती पटवार प्रतियोगी परीक्षा 2019 के 4179 अन्तिम चयनित अभ्यर्थियों एवं अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियमों के अन्तर्गत पदस्थापित 87 परिवीक्षाधीन पटवारियों को इस प्रकार कुल 4266 प्रशिक्षु पटवारियों को सर्व उद्देश्यीय राजस्व प्रशिक्षणालय टोंक, 06 (छः) स्थाई पटवार प्रशिक्षण शालाओं एवं 28 अस्थाई पटवार प्रशिक्षण शालाओं में प्रशिक्षण दिनांक 18.07.2022 से प्रारम्भ हो चुका है, जिसकी विभागीय परीक्षा जनवरी, 2023 में होने के साथ ही प्रशिक्षण सम्पन्न हो जायेगा।

संस्थान में राजस्व न्यायालयों द्वारा विभिन्न परिवादों एवं अपीलों के निर्णयों के लेखन हेतु राज्य स्तर पर राज्य में कार्यरत् सभी अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील आधिकारी, भू.प्रबन्ध अधिकारी कम राजस्व अपील अधिकारी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक जिले से एक–एक उपखण्ड अधिकारी हेतु 3 दिवसीय निर्णय लेखन कार्यशाला का दिनांक 23.11.2022 से 25.11.2022 तक आयोजन किया गया।

प्रशासनिक प्रतिवेदन में राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर एवं अधीनस्थ प्रशिक्षणालयों के कार्य–कलापों को सम्मिलित किया गया है।

मुझे आशा है कि संस्थान का प्रशासनिक प्रतिवेदन वर्ष 2022–23 समस्त संबंधितों के लिये उपयोगी एवं सार्थक सिद्व होगा।

**(अपर्णा अरोडा)**
अतिरिक्त मुख्य सचिव
राजस्व विभाग, राजस्थान,
जयपुर

# विभाग के संगठन का ढांचा

*राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर*

संस्थान के अधीन संचालित प्रशिक्षण संस्थाऐं

- सर्व उद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक,
- पटवार प्रशिक्षण शालाऐं
  1. पटवार प्रशिक्षण शाला, टोंक।
  2. पटवार प्रशिक्षण शाला, कोटा।
  3. पटवार प्रशिक्षण शाला, देवखेडा (अलवर)
  4. पटवार प्रशिक्षण शाला, जोधपुर।
  5. पटवार प्रशिक्षण शाला, देबारी (उदयपुर)।
  6. पटवार प्रशिक्षण शाला, गजसिंहपुर (श्रीगंगानगर)।

# राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर

## *संस्थान की स्थापनाः–*

राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर की स्थापना राज्य सरकार द्वारा माह जुलाई, 1995 में की गई। इसका प्रशासनिक विभाग ''राजस्व विभाग'' है। यह संस्थान राजस्व सम्बन्धी प्रशिक्षण के लिए राज्य का शीर्षस्थ संस्थान है।

संस्थान का शिलान्यास दिनांक 30.4.91 को राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के तत्कालीन अध्यक्ष श्री आर. जे. मजीठिया द्वारा किया गया। भवन वर्ष 1995 में बनकर तैयार हो गया, इसका विधिवत उद्घाटन दिनांक 23.7.95 को माननीय राजस्व मंत्री (तत्कालीन) राजस्थान सरकार श्री गंगाराम चौधरी द्वारा किया गया।

## *संस्थान के उद्देश्यः–*

इस संस्थान का उद्देश्य मूलतः राजस्व सम्बन्धी कानूनों का ज्ञान प्रशासनिक अधिकारियों / कर्मचारियों तथा उन समस्त अधिकारियों को देना है जिनको राजस्व सम्बन्धी कार्यो में इनकी आवश्यकता पड़ती है।

संस्थान जिन मूलभूत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रारम्भ किया गया है वे संक्षिप्त रूप में निम्न प्रकार हैः–

1. राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर एवं इसके अधीन कार्यरत् सर्व उद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक व अन्य सभी पटवार प्रशिक्षण केन्द्र यथा टोंक, देवखेडा (अलवर), गजसिंहपुर (श्रीगंगानगर), देबारी (उदयपुर), कोटा व जोधपुर में निम्न प्रकार के प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैः–

(अ) नव नियुक्त नायब तहसीलदार (परीविक्षाधीन) का प्रारंभिक प्रशिक्षण।

(ब) प्रशासनिक, राजस्व व पीठासीन अधिकारियों का अल्प अवधि का रिफ्रेशर कोर्स।

(स) खनिज, सार्वजनिक निर्माण, सिचाई एवं वन विभाग जिनका सम्बन्ध राजस्व कानून एवं नियमों से है, को विशिष्ठ प्रशिक्षण।

(द) राजस्थान तहसीलदार सेवा के अधिकारियों का विशिष्ठ काडर प्रशिक्षण, भू–अभिलेख निरीक्षक, पटवारी, तहसील राजस्व लेखाकारों को प्रारंभिक प्रशिक्षण तथा कार्यरत् तहसीलदार, नायब तहसीलदार, भू.राजस्व निरीक्षक, तहसील राजस्व लेखाकार, सदर कानूनगो एवं पटवारी वर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण।

2. राजस्व प्रशासन में प्रबन्धकीय तत्व के विकास, उन्नयन एवं कार्यरूपता हेतु नीति निर्धारण सम्बन्धी आधार तैयार करना है।
3. राजस्व कानूनों एवं उनके क्रियान्वयन को बेहतर और समसामयिक परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने हेतु इन्हें युक्ति संगत रूप प्रदान करना तथा इनका सरलीकरण करना आदि।
4. राजस्व एवं भू. अभिलेख कार्यो को निर्विध्न एवं त्वरित गति से सम्पन्न करने हेतु इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग (ई.डी.पी.) सहित अन्य आधुनिकतम तकनीकी का प्रयोग।
5. विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ज्ञान आदिनांक बनाये रखने की दृष्टि से समय–समय पर कार्यशाला एवं सेमीनार आदि का आयोजन करना।
6. अन्य अधीनस्थ प्रशिक्षण संस्थानों के कार्यो का पर्यवेक्षण।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार यह संस्थान राजस्व सम्बन्धी प्रशिक्षण के लिए बने निम्न प्रशिक्षण संस्थानों की शीर्षस्थ संस्थान के रूप में कार्य करती हैः–

1. सर्व उद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक,
2. पटवार प्रशिक्षण शाला, देवखेडा (अलवर)
3. पटवार प्रशिक्षण शाला, कोटा
4. पटवार प्रशिक्षण शाला, गजसिंहपुर (श्रीगंगानगर)
5. पटवार प्रशिक्षण शाला, देबारी (उदयपुर)
6. पटवार प्रशिक्षण शाला, जोधपुर
7. पटवार प्रशिक्षण शाला, टोंक

इस संस्थान के निदेशक को उक्त सभी संस्थानों के बजट नियन्त्रण हेतु विभागाध्यक्ष घोषित किया हुआ है। उपरोक्त प्रशिक्षणालयों के प्रधानाध्यापकों को कार्यालयाध्यक्ष घोषित किया हुआ है। अधीनस्थ प्रशिक्षण शालाओं में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा निर्धारित किये जाते है। राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर (आर.आर.टी.आई, अजमेर) का प्रशासनिक नियन्त्रण राजस्व विभाग में निहित है।

### *संस्थान की परियोजनाएः–*

राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर की स्थापना एक विस्तृत परियोजना के अधीन की गई है। इस संस्थान में निम्न संवर्गो हेतु उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण की व्यवस्था हैः–

अ. राजस्थान तहसीलदार सेवा

ब. अधीनस्थ राजस्व लेखा सेवा

स. अधीनस्थ लेखा सेवा

द. अन्य सेवाएं

आज के परिवर्तित सामाजिक–आर्थिक परिवेश में पारदर्शिता, जवाबदेहीता, लोकनीतियों के कुशल क्रियान्वयन एवं विभिन्न सेवाओं में मैत्रीपूर्ण व्यवहार के लिये राज्य सरकार की मानव संसाधन नवीनीकरण योजना के तहत् राजस्थान तहसीलदार सेवा के अधिकारियों के लिये कॉडर प्रशिक्षण योजना लागू की गई है जिसके तहत् तहसीलदार सेवा के सभी सदस्यों को अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में 3 विशिष्ठ कैडर प्रशिक्षण आवश्यक रूप से प्राप्त करने होते है।

प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया जाता है कि प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिकतम तकनीक (कम्प्यूटर आदि) से सुपरिचित करवाया जावे ताकि राजस्व विभाग में प्रस्तावित कम्प्यूटरीकरण विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए सहज रूप से ग्राहय हो सके।

संस्थान में वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान निम्नांकित अधिकारी कार्यरत् रहे:–

| क.स. | नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कोमल चौधरी | मुख्य लेखाधिकारी | 10.08.2020 से लगातार |
| 2 | श्री चेतन कुमार त्रिपाठी | कार्यवाहक निदेशक | 08.11.2021 से लगातार |
| | | उप निदेशक | 11.08.2021 से लगातार |
| 3 | श्रीमती सुमन राठौड | तहसीलदार | 22.12.2019 से लगातार |
| 4 | श्री भगवती प्रसाद वैष्णव | तहसीलदार | 28.02.2022 से 22.08.2022 |
| 5 | श्री ओम प्रकाश शर्मा | तहसीलदार | 06.04.2022 से लगातार |
| 6 | श्री इरफान जाफरी | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) (क्रमोन्नत पद) | 06.09.2022 से लगातार |
| 7 | श्री घनश्याम शर्मा | प्रोग्रामर (क्रमोन्नत पद) | 01.12.2016 से लगातार |
| 8 | श्री मनीष शर्मा | अति. प्रशासनिक अधिकारी | 29.07.2020 से लगातार |

**विभाग में स्वीकृत, कार्यरत् एवं रिक्त पदों का विवरण:–**

| क्र.सं | पद का नाम | स्वीकृत पद | कार्यरत् पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक आर.ए.एस | 1 | – | 1 |
| 2 | मुख्य लेखाधिकारी | 1 | 1 | – |
| 3 | अति. निदेशक आर.ए.एस | 1 | – | 1 |
| 4 | प्रधानाचार्य आर.ए.एस | 1 | – | 1 |
| 5 | उप निदेशक आर.ए.एस | 1 | 1 | – |
| 6 | अनुसंधान अधिकारी | 1 | – | 1 |
| 7 | सहायक व्याख्याता (लोक प्रशा.) | 1 | – | 1 |
| 8 | उप प्रधानाचार्य आर.ए.एस | 1 | 1 | – |
| 9 | लेखाधिकारी | 1 | – | 1 |
| 10 | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 1 | – | 1 |
| 11 | प्रोग्रामर | 1 | 1 | – |
| 12 | तहसीलदार | 4 | 3 | 1 |
| 13 | प्रवक्ता (तहसीलदार) | 2 | 2 | – |
| 14 | प्रधानाध्यापक (तहसीलदार) | 6 | 5 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1 | – | 1 |
| 15 | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। | 1 | 1 | – |
| 16 | प्रवक्ता (सहायक राजस्व लेखाधिकारी–।) | 1 | 1 | – |
| 17 | प्रशासनिक अधिकारी (ना.तह) | 4 | 4 | – |
| 18 | नायब तहसीलदार | 1 | 1 | – |
| 19 | निजी सहायक | 6 | 6 | – |
| 20 | सहायक प्रधानाध्यापक (ना.तह) | 1 | 1 | – |
| 21 | अति. प्रशासनिक अधिकारी | 1 | – | 1 |
| 22 | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | – |
| 23 | सहायक प्रोग्रामर | 17 | 9 | 8 |
| 24 | निरीक्षक (भू.अ.) | 2 | 2 | – |
| 25 | कनिष्ठ लेखाकार | 1 | 1 | – |
| 26 | अनुसंधान सहायक | 1 | – | 1 |
| 27 | आशुलिपिक | 24 | 24 | – |
| 28 | अध्यापक (भू.अ.नि.) | 2 | – | 2 |
| 29 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 1 | 1 | – |
| 30 | सूचना सहायक | 1 | – | 1 |
| 31 | हॉस्टल मैनेजर | 5 | 1 | 4 |
| 32 | वरिष्ठ सहायक | 11 | 9 | 2 |
| 33 | पटवारी | 2 | 2 | – |
| 34 | कनिष्ठ सहायक | 1 | – | 1 |
| 35 | कुक | 18 | 5 | 13 |
| 36 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी / साईकिल सवार | | | |
| | **योगः–** | **131** | **82** | **49** |

## *आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम :–*

संस्थान में विगत 3 वर्षों में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | प्रशिक्षण / काडर प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण अवधि | उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | |
| 1 | Foundational Course for Naib Tehsildar (Batch 29 B) | 03.07.2019 to 17.08.2019 | 87 |
| 2 | Institutional Training for Naib Tehsildar (Batch 29 B) | 19.09.2019 to 02.11.2019 | 98 |
| 3 | Agricultural Training for Naib Tehsildar (Batch 29 B) | 04.11.2019 to 15.11.2019 | 98 |
| 4 | Institutional Training for Naib Tehsildar (Batch 29 A) | 18.11.2019 to 03.01.2020 | 97 |
| 5 | Agricultural Training for Naib Tehsildar (Batch 29 A) | 04.01.2020 to 16.01.2020 | 101 |
| 6 | Preparation of Exam & Exam Naib Tehsildar (Batch 29 A&B) | 17.01.2020 to 23.01.2020 | 199 |
| | **Total:-** | | **680** |
| | **2020-2021** | | |
| | कोविड–19 महामारी के कारण 23 मार्च, 2020 से 30 जून 2020 तक लॉकडाउन रहा। उसके पश्चात ऑन लाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु पत्राचार किया गया किन्तु तहसीलदारों के अत्यधिक पद रिक्त होने, नगर निकाय / पालिका चुनाव, 2020 के दृष्टिगत चुनाव / मतगणना कार्य के फलस्वरूप एवं जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनावों के मद्दे कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका। | | |

| | | 2021—2022 | | |
|---|---|---|---|
| | | | 22 |
| 1 | Workshop on Judgement Writting for ADC,RAA & SO's | 12.08.2021 to 13.08.2021 | 24 |
| 2 | Workshop on Judgement Writting for ADM's | 26.08.2021 to 27.08.2021 | 26 |
| 3 | Workshop on Judgement Writting for SDM & ACM's | 02.09.2021 to 03.09.2021 | 126 |
| 4 | Foundational Course for Naib Tehsildar (Batch 29th & 30) | 27.12.2021 to 11.02.2022 | 132 |
| 5 | Institutional Training for RTS (Batch 30th) | 16.03.2022 to 31.03.2022 | **330** |
| | **Total:-** | | |
| | | 2022—2023 | |
| | | | 132 |
| 1 | Institutional Training for Naib Tehsildar (Batch 29 & 30) | 01.04.2022 to 29.04.2022 | 131 |
| 2 | Agricultural Training for Naib Tehsildar (Batch 30) | 02.05.2022 to 16.05.2022 | 132 |
| 3 | Preparation of Exam & Exam NT (B 29 & 30) | 16.07.2022 to 22.07.2022 | 49 |
| 4 | Workshop on Judgment Writing for RAA,SO,ADM, SDM & AC&EMs | 23.11.2022 to 25.11.2022 | **444** |
| | **Total:-** | | |

आलौच्य वर्ष 2022—23 हेतु प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमः—

**Proposed Annual Training Calendar for the Year, 2022-2023**

| S.No. | PROGRAMME TITLE | FROM | TO | USER DEPARTMENT |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Cadre Training Programme For RTS. | 09-01-2023 | 20-01-2023 | Board of Revenue |
| 2. | Cadre Training Programme For RTS. | 06-02-2023 | 17-02-2023 | Board of Revenue |
| 3. | Cadre Training Programme For RTS. | 20-02-2023 | 03-03-2023 | Board of Revenue |
| 4. | Cadre Training Programme For RTS. | 06-03-2023 | 17-03-2023 | Board of Revenue |

### *ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण कार्यक्रमः—*

संस्थान द्वारा अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर (HCM-RIPA), आई.जी.पी.आर.एस., जयपुर, महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान, जयपुर एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थानों द्वारा करायें जाने वाले ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी संस्थान में किया जाता है।

### *अतिथि संकाय (Guest Faculty)—*

इस संस्थान में प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण देने के लिए स्थाई फेकल्टी का अभाव है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के कार्यरत एवं सेवानिवृत अनुभवी अधिकारी, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के माननीय सदस्यगण, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, उच्च न्यायिक सेवा के सेवारत एवं सेवानिवृत अनुभवी अधिकारी विश्वविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय के आचार्यों व प्रवक्ताओं एवं अन्य

सेवाओं के अधिकारीगण तथा वरिष्ठ अभिभाषकगण को व्याख्यान देने हेतु आमन्त्रित किया जाता है। समय समय पर संस्थान में पदस्थापित अधिकारीगण/कार्मिक भी संबंधित विषय पर ब्याख्यान देते है।

### *पुस्तकालयः–*

संस्थान के पुस्तकालय में सिविल, फौजदारी एवं राजस्व कानूनों से सम्बन्धित पुस्तकों का संग्रह है एवम साथ ही विभिन्न मैन्युअल, सैन्ट्रल/लोकल एक्ट, उपभोक्ता, लेबर, टैक्सेशन एवं अन्य विषयक सम्बन्धी लगभग 4200 पुस्तकों का भी संग्रहण है।

### *राजस्व संग्रहालयः–*

वर्ष 2000 में तत्कालीन माननीया राजस्व मंत्री महोदया, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के स्वर्ण जयन्ती समारोह के दौरान दिये गए निर्देश की पालना में इस संस्थान में ''स्थायी राजस्व संग्रहालय'' की स्थापना की गई है। इस संग्रहालय में राजस्थान के विभिन्न जिलों से प्राप्त दुर्लभ अभिलेख, प्राचीन बहीखाते, मिसल बंदोबस्त, सर्वे यन्त्र, चपडास आदि का संग्रह किया गया है एवं पुरातन महत्व की अन्य सामग्री अधिकाधिक मात्रा में एकत्रित करने के सम्बन्ध में प्रयास किये जा रहे है।

### *हॉस्टल :–*

वर्तमान में संस्थान में लगभग 120 प्रशिक्षणार्थियों के लिये हॉस्टल की सुविधा है तथा हॉस्टल में मैस की सुविधा भी उपलब्ध है। संस्थान द्वारा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के साथ–साथ गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है तथा अन्य सरकारी संस्थानों के कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सशुल्क संस्थान परिसर उपलब्ध करवाया जाता है।

### ***संस्थान के अधीनस्थ राजस्व प्रशिक्षण संस्थाऐं–***

राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर के अधीन निम्नाकिंत प्रशिक्षण संस्थायें कार्यरत हैः–

| क.सं. | नाम संस्था |
|---|---|
| 1 | सर्व उद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक |
| 2 | पटवार प्रशिक्षण शाला, टोंक– |
| 3 | पटवार प्रशिक्षण शाला, अलवर |
| 4 | पटवार प्रशिक्षण शाला, देबारी (उदयपुर) |
| 5 | पटवार प्रशिक्षण शाला, गजसिंहपुर (श्रीगंगानगर) |
| 6 | पटवार प्रशिक्षण शाला, कोटा |
| 7 | पटवार प्रशिक्षण शाला, जोधपुर |

राजस्व संबंधी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों को सर्व उद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक में एवं समस्त पटवार प्रशिक्षण शालाओं में तहसील राजस्व लेखाकार, पटवारियों को आधारभूत/संस्थागत व प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में सर्व उद्देश्यीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक में राजस्व सम्बन्धी अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों एवं पटवारियों को राजस्व विभाग के नवाचारों का अद्यतन प्रशिक्षण दिया जाता है। आलौच्य वर्ष 2022–23 में सीधी भर्ती से चयनित 5 भू अभिलेख निरीक्षकों का दिनांक 12 सितम्बर, 2022 से 18 नवम्बर, 2022 तक 9 सप्ताह का प्रशिक्षण कराया गया। सीधी भर्ती पटवार प्रतियोगी परीक्षा 2019 के अन्तिम चयनित कुल 4935 प्रशिक्षु पटवारियों को प्रशिक्षण इन्हीं 6 स्थाई एवं 28 अस्थाई पटवार प्रशिक्षण शालाओं में दिया गया, जिनका प्रशिक्षण जनवरी, 2023 में पूर्ण हो जायेगा।

**आयोजना मद में स्वीकृत बजट एवं व्यय राशि की स्थितिः–**

इस संस्थान का निर्माण बजट मद 4059–80–051–(01)–[04] लोक निर्माण कार्यो पर पूंजीगत परिव्यय मद के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया गया है जिसका व्यय 50:50 प्रतिशत आयोजना मद एवं केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के तहत वहन किया गया है।

आलौच्य वर्ष 2022–2023 हेतु राज्य आयोजना मद में पूंजीगत निर्माण हेतु बजट सीलिंग रूपये 8.00 लाख (प्रोरेटा चार्जेज सहित) स्वीकृत है जिसमें से माह दिसम्बर, 2022 तक **शून्य** लाख व्यय हुआ है।

**आयोजना भिन्न मदों में बजट अनुमान एवं परिवर्तित अनुमानः–**

आर.आर.टी.आई. अजमेर, सर्वउद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक, एवं समस्त पटवार प्रशिक्षण विद्यालय के लिये आयोजना भिन्न बजट मदों में चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट अनुमान एवं दिसम्बर, 2022 तक का वास्तविक व्यय निम्नानुसार हैः–

(राशि हजारों में)

| बजट मद | उप मद | मूल आबटन (BE) 2022–2023 | वास्तविक व्यय (माह 12/2022 तक) |
|---|---|---|---|
| मांग संख्या– 8 2029–भू.राजस्व 00– 103–भू.अभिलेख (आयोजना भिन्न) | 01–संवेतन | 560000 | 53986 |
| | 03–यात्रा व्यय | 250 | 111 |
| | 04–चिकित्सा व्यय | 1 | 0 |
| | 05–कार्यालय व्यय | 31860 | 5649 |
| | 29–प्रशिक्षण, भ्रमण एवं सेमीनार | 3535 | 538 |
| | 31–लाईब्रेरी एवं मैगजीन | 1150 | 682 |
| | 36– किराये पर वाहन | 432 | 294 |
| | 37–वर्दिया व अन्य सेवाएं | 9 | 7 |
| | 41–संविदा सेवाएं | 2000 | 1665 |
| | 62– कम्प्यूटराईजेशन एवं तत्संबंधी संचार व्यय | 1700 | 150 |
| योगः– | | **600937** | **63082** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2059–सार्वजनिक निर्माण 053–Repairs & Maintenance Through RRTI (आयोजना भिन्न) | 21–भवन मरम्मत एवं रख रखाव | **3000** | 1781 |
| 4059– लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय | 17–वृहद निर्माण कार्य | **800** | **344** |

*उपसंहार–*

अतः इस प्रकार इस संस्थान में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ–साथ ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते है। साथ ही अधीनस्थ विभिन्न राजस्व प्रशिक्षणालयों पर वित्तीय नियन्त्रण भी रखा जाता है।

उप निदेशक
...एवं प्रशिक्षण